प्र.सं. 61/2022 प्रार्थना पत्र बाबत दुरूस्ती
सुरेन्द्र सिंह बनाम सरकार
जीसीएमएस : 2022/93

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी किए
31.01.2022	प्रार्थी सुरेन्द्र सिंह पुत्र कर्मसिंह जटसिख नि0 76 आरबी तहसील रायसिंहनगर ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि चक 76 आरबी खाता सं. 73 मु.नं. 9, 1 की 1.974है. नहरी में 1/4 हि. भूमि खातेदारी हैं जिसमें पिता का घरेलू नाम करणीसिंह दर्ज हैं जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में सही नाम कर्मसिह दर्ज हैं। करणी सिंह व कर्मसिंह दोनों नाम एक ही आदमी के हैं। जमाबंदी में नाम दुरूस्त करवाकर सुरेन्द्र सिंह पुत्र कर्मसिंह करवाना चाहता हूं। दुरूस्ती के आदेश फरमाने हेतु निवेदन किया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर हो। प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र साथ शिविर के दौरान प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मय रिपोर्ट पटवारी आईएलआर एवं तहसीलदार के पेश किया। मुताबिक रिपोर्ट सुरेन्द्र सिंह पुत्र करणी सिंह जाति जटसिख के स्थान पर सुरेन्द्र सिंह पुत्र कर्मसिंह जाति जटसिख सा. देह खातेदार दर्ज करने की दुरूस्ती करने की अनुशंषा की गयी हैं। अतः रिपोर्ट तहसीलदार रायसिंहनगर के आधार पर दुरूस्ती की जानी उचित प्रतीत होती हैं। लिहाजा उक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाकर जमाबंदी चक 76 आरबी संवत 2075–2078 के खाता सं. 73 में दर्ज मु.नं. 9, 1 की कुल 1.290है. नहरी भूमि में दर्ज खातेदार सुरेन्द्र सिंह पुत्र करणीसिंह के स्थान पर सुरेन्द्र सिंह पुत्र कर्मसिंह की दुरूस्ती कर दर्ज करने के आदेश तहसीलदार रायसिंहनगर को दिए जाते हैं। शेष अंकन बदस्तुर रहेगा। आदेश सुनाया गया। पत्रावली फैंसले में शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। (अर्पिता सोनी) उपखण्ड अधिकारी रायसिंहनगर उपखण्ड अधिकारी रायसिंहनगर	

Signature Not Verified

Digitally signed by Arpita Soni
Date: 2022.02.21 18:00:30 IST
Reason: SelfAttested